संयुक्त मोर्चा ने किया जंगी प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

कन्हान क्षेत्र को बचाने के लिए श्रमिक संगठनों के साथ आई कांग्रेस, जुन्नारदेव विधायक ने किया नेतृत्व

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। उजड़ते कन्हान क्षेत्र को बचाने के लिए श्रमिक संगठन इंटक, एचएमएस, एटक, सीटू एवं एससीएसटी काउंसिल ने कॉंग्रेस पार्टी को साथ लेकर शनिवार को महाप्रबंधक कार्यालय डुंगरिया के समक्ष जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके के नेतृत्व में जंगी प्रदर्शन कर भाजपा सरकार पर जबरदस्त हमला बोला।

विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल एवं उसके तरफ से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने भी वादा किया था कि वे फारेस्ट विभाग की अनापत्ति दिलाकर एवं नई नई कोयला खदान खुलवाकर कन्हान क्षेत्र को बचाएंगे। साथ ही कुछ लोगों ने चुनाव के पहले अलग संगठन बनाकर कन्हान क्षेत्र को बचाने की बात कही थी किन्तु अब जब कन्हान क्षेत्र एकदम समाप्ति की ओर है तब ऐसे संगठन मैदान छोड़ चुके है।

उनकी चुनाव के पहले की भूमिका को संदिग्ध माना जा रहा है। जिस संगठन या राजनीतिक दलों ने इन श्रमिक संगठनों से कन्हान क्षेत्र को बचाने के लिए आंदोलन में साथ देने के लिए सहयोग मांगा उन्हें इन श्रमिक संगठनों ने अपना पूरा सहयोग भी दिया किन्तु जब क्षेत्र उजाड़ हो रहा है तब इनमें से वे संगठन एवं भाजपा मैदान में कहीं नजर नहीं आ रहे है। इसीलिए जुन्नारदेव विधायक के नेतृत्व में कॉंग्रेस पार्टी को साथ लेते हुए श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने आगे की लड़ाई लड़ने का फैसला किया है।

महाप्रबंधक कार्यालय डुंगरिया के समक्ष आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में श्रमिक संगठन एवं कॉंग्रेस नेताओं ने भाजपा की राज्य एवं केंद्र सरकार पर जबरदस्त हमला करते हुए देश की वर्तमान दुर्दशा के लिए उसे जिम्मेदार ठहराते हुए अब अपने आंदोलन को और तेज करने की बात कही।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने कहा कि कन्हान क्षेत्र को बचाने के लिए कॉंग्रेस पार्टी हमारे नेता कमलनाथ एवं नकुलनाथ के निर्देशन में संयुक्त मोर्चा को साथ मे लेकर इस लड़ाई को रोड से लेकर कोर्ट तक लड़ेगी। इसके साथ ही दीवाली के बाद कॉंग्रेस पार्टी एक बड़ा आंदोलन कर भाजपा सरकार एवं उसके हवाबाज नेताओं का असली चेहरा जनता के सामने उजागर करेगी। इसके लिए हमारे कार्यकर्ता विधानसभा के गाँव एवं शहर के हर गली मोहल्ले में जाकर जन जागरण करेंगे एवं क्षेत्र की आम जनता से कन्हान क्षेत्र को बचाने के लिए आंदोलन से जुड़ने का आव्हान करेंगे। कार्यक्रम को घनश्याम तिवारी, नीटू गाँधी, अरुण साहू, विनोद निरापुरे, सुभाष गुलबाँके, बी.एस. ठाकुर, छोटू पाठक, आर.के. बेग, सुखराम सैयाम, भगवानदीन यादव, नियाज़ खान, अमरनाथ सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज ठग एवं रवि पवार ने किया एवं आभार प्रदर्शन दीपक नागले ने किया।

महाप्रबंधक कार्यालय डुंगरिया के समक्ष आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में श्रमिक संगठन एवं कॉंग्रेस नेताओं ने भाजपा की राज्य एवं केंद्र सरकार पर जबरदस्त हमला करते हुए देश की वर्तमान दुर्दशा के लिए उसे जिम्मेदार ठहराते हुए अब अपने आंदोलन को और तेज करने की बात कही। इसके पश्चात सभी श्रमिक संगठन के नेता एवं कॉंग्रेस कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारे लगाते हुए विधायक सुनील उईके के नेतृत्व में कन्हान क्षेत्र के महाप्रबंधक के कार्यालय पहुँचे जहाँ पर उन्होंने शीघ्र ही बंद कोयला खदानों को खोलकर श्रमिकों का स्थानांतरण पर तत्काल रोक लगाने के साथ अन्य मांगों का एक ज्ञापन सौंपा।

सांसद खेल महाकुंभ 2024 बैठक आज

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले के सांसद बंटी विवेक साहू के निर्देशानुसार जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने हेतु सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए जिला खेल प्रकोष्ठ के संयोजक अंकित सोलंकी और खेल प्रेमी संदीप मालवीय ने बताया कि सांसद की मनसा के अनुरूप सांसद खेल महोत्सव का आयोजन आगामी दिसंबर माह में होने जा रहा है इसी की विस्तृत रूपरेखा हेतु आज 27 अक्टूबर दिन रविवार को समय दोपहर 2.00 बजे से स्थान स्टेडियम ग्राउंड ओलंपिक सभा कक्ष में समस्त खेल प्रोत्साहन एवं खिलाड़ियों की अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में खेल महोत्सव को लेकर विस्तृत चर्चा होगी जिसमें आप सभी की उपस्थिति आवश्यक है।

शादी डॉटकॉम पर युवती से की दोस्ती शादी का झांसा देकर किया रेप

गाडरवारा, देशबन्धु। गाडरवारा से भोपाल यमवोए करने गई युवती लिव - इन पार्टनर के झांसे में आकर यौन शोषण का शिकार हो गई। जिसकी प्राथमिक भोपाल में दर्ज कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि भोपाल के कोलार इलाके में युवती ने अपने लिव - इन पार्टनर पर शादी का झांसा देकर रेप करने का मामला दर्ज कराया है। दोनों की मुलाकात शादी डाट काम के जरिए हुई थी, इसके बाद दोनों लिव इन में रह रहे थे। आरोपी युवक मुरैना जिले का रहने वाला है आरोपी के साथ शादी का झांसा देकर लगातार युवक संबंध बना रहा था युवक द्वारा शादी से इनकार करने के बाद पीड़िता ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

सार-समाचार

पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन मप्र के जिला अध्यक्ष बने गिरीश कुमार चंद्रवंशी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। गत दिवस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का पंजीयन क्रमांक 40064/23 की प्रबंध समिति द्वारा लिये गये निर्णयानुसार छिन्दवाड़ा जिले में कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से गिरीश कुमार चन्द्रवंशी को जिले का अध्यक्ष मनोनित किया गया है। श्री चन्द्रवंशी से अपेक्षा की गयी है कि वे सम्पूर्ण जिले के पेंशनर्स से संपर्क स्थापित कर एवं प्रांताध्यक्ष से परामर्श कर जिले की सभी तहसीलों में अध्यक्ष मनोनित करें साथ ही जिले में व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलायें। अध्यक्ष नियुक्त की सूचना कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक जिला छिन्दवाड़ा को भी दी गयी है।

छिन्दवाड़ा जिले के पेंशनर्स साथियों ने इस नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी है बधाई देने वालों में वृक्षमित्र रवीन्द्र सिंह, देवेन्द्र शाह, ठाकुर प्यारेलाल ठाकुर, लालचंद यादव, अजय कश्यप, महेश मालवी आदि।

विदित हो कि गिरीश कुमार चन्द्रवंशी को भोपाल में पर्यावरण संसद में पर्यावरण मित्र पुरूस्कार से भी विगत दिवस प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

मप्र संत पुजारी संघ ने अब तक लगाएं गए पांच हजार पौधे

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ के द्वारा एक पेड़ मां के नाम केवलारी, गांव कुदवारी, गंगाई, रोहना, झंडा गांव में वृक्षारोपण किया गया। 251 वृक्ष फलदार वृक्ष लगाए गए। जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा, नगर अध्यक्ष नंदू शर्मा, पंडित शिवनंदन महाराज, पंडित राजू पाठक, पंडित रामायण द्विवेदी, पंडित आशीष द्विवेदी, पंडित मनोज मिश्रा, पंडित सुरेश शर्मा, पंडित सुरेंद्र दुबे, पंडित अवधेश तिवारी, पंडित नारायण शर्मा एवं सब मित्र मंडली के द्वारा चौथा वर्ष चल रहा है वृक्षारोपण का 5000 वृक्षारोपण कर चुके हैं।

शहर की यातायात व्यवस्था बेपटरी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शहर छिन्दवाड़ा में एक बार पुनः शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ गई है, शहर के बाजारो में व्यापारियों द्वारा अपने सामान को सड़को पर लगाकर रखा है जिससे आने जाने में जनमानस को कठिनाई हो रही है। साथ ही प्रेस काम्पलेक्स से लेकर जेल तिराहे तक यातायात हमेशा की तरह अत्याधिक बाधित होने लगा है। खण्डेलवाल मेडिकल के सामने पुलिस के डिवाईडर लगाऐं जाने के कारण एम.एल.बी. की ओर से आने वाला यात्री प्रेस काम्पलेक्स की ओर गलत दिशा से आता है जिससे परेशानी होती है

संभागीय शिविर में स्काउट गाइड के बच्चों ने दी अपनी दक्षता की परीक्षा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भरत स्काउट एवं गाइड जिला संघ छिन्दवाडा संभागीय मुख्यालय जबलपुर के कार्यक्रमानुसार संभाग स्तरीय तृतीय सोपान शिविर का अयोजन जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल एवं सतेन्द्र सिंह मरकाम सहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग के निदेशानुसार पाँच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर का अयोजन अयोजन 20 अक्तूबर से 26 अक्तूबर 2024 तक स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र डाईट परिसर छिन्दवाड़ा में आयोजित किया गया था जिसके समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल, सहायक संचालक शिक्षा पी.एल. मेश्राम, सहायक संचालक शिक्षा डी.पी. डेहरिया, राज्य संघ उपाध्यक्ष तुकाराम दुर्गे, भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष बाय.एस. सिसोदिया, श्रीमती बी. अनुराधा नायडू, मनोज आरपुरे, अब्दुल हक खान, हेड क्वाटर कमिश्नर प्राचार्य सी.एम. राईज स्कूल गुरैया एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी छिन्दवाड़ा अशरफ अली की उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया। सर्व प्रथम उपस्थित अधिकारियों एवं पदाधिकारिया को स्काउटिंग परम्परा अनुसार स्कार्फ बागल लगाकर स्वागत किया गया तदपश्चात ग्रांण्ड कैम्प फायर का शुभारंभ किया किया जिसमें शिविर में उपस्थित स्काउट गाइड के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उक्त शिविर में छिन्दवाड़ा जिले से 117 स्काउट गाइड एवं 16 प्रभारी स्काउटर गाइडर की प्रतिभागिता रही कुल 133 की प्रतिभागिता रही सहायक संचालक मेश्राम के द्वारा उपस्थित इतनी संख्या में स्काउट गाइड को तृतीय सोपान उत्तीर्ण होकर राज्य स्तरीय राज्यपाल पुरस्कार शिविर हेतु बधाई दी।

जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि जिले में स्काउट गाइड संस्था एक नेक कार्य कर रही है साथ ही अधिक से अधिक संस्थाओं में स्काउट गाइड स्काउट गतिविधियों संचालित हो सभी विद्यालयों की प्रतिभागिता हो अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को शिविर में आने का लाभ मिलना चाहिये स्काउटिंग जीवन जिने की कला सिखाई जाती है कैसे कम संसाधन में हम जीवन जी सकते है शिविर के दौरान स्काउट गाइड का प्रवेशए प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान द्वितीय सोपान तक के पाठक्रम का टेस्ट लिया जा रहा है जिसमें स्काउटिंग का इतिहास नियम प्रतिज्ञा, झण्डा गीत, ध्वज शिष्टाचार, प्रथमिक सहायता, कम्पास, दिशा ज्ञान, फस्टेण्ड, कुकिंग आदि विषयों का टेस्ट पाठकम का टेस्ट लिया गया। उक्त टेस्ट पास करने वाले स्काउट गाइड को संभाग स्तर के तृतीय सोपान शिविर में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। शिविर शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के के 24 चयनीत संस्थाओं से 50 स्काउट 67 गाइड 16 प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं कुल 133 की प्रतिभागिता रही शिविर का संचालन नरेन्द्र कुमार शार्मा, डी.ओ.सी.स्काउट के द्वारा किया गया सहयोगी के रूप में पी.आर. बघेल, ए.एल.टी.स्काउट सिवनी अजय कुमार धुर्वे, ए.एल.टी. स्काउट राजेन्द्र सोनी, अंजु राजपूत, विजय पाल सिंह नुन्हारिया, नकुल खापरे, पांडुरंग बंसोड आदि थे।

नगर निगम दल को नोटिस चस्पा करने से रोका, झूमाझटकी की

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर निगम का राजस्व अमला शहर में संपत्ति कर, जलकर एवं दुकान किराया प्रीमियम की वसूली का अभियान चला रहा है। निगमायुक्त के निर्देश पर अवकाश दिवस शनिवार में भी वसूली अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के दौरान वार्ड क्रमांक 45 में भवन स्वामी राजेंद्र तिमोथी निवासी परासिया रोड, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा से निगम अमले ने डिमांड नोटिस तामिल करने संपर्क किया गया परन्तु श्री तिमोथी ने डिमांड नोटिस लेने से इनकार किया गया। इसके उपरांत दल द्वारा डिमांड नोटिस को चस्पा करने की कार्यवाही की गई। इस पर भवन स्वामी ने दल के साथ गाली गलौच करते हुए जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया गया। इसके उपरांत निगम के दल के साथ झूमा झपटी भी की गई। दल का नेतृत्व नगर निगम के वित्त उपायुक्त कमलेश निरगुड़कर के द्वारा किया जा रहा था।

घटना के बाद शिकायत के लिए राजस्व दल देहात थाना पहुंचा। घटना की जानकारी लगते ही निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय तत्काल देहात थाने में पहुंचे एवं निगमायुक्त द्वारा पुलिस अधिकारियों को घटना की एफ.आई.आर. दर्ज करने के लिए कहा गया। इसके साथ ही देहात थाने में निगम के सैकड़ों कर्मचारी एकत्रित हुए एवं संबंधित भवन स्वामी की गिरफ्तारी की मांग की गई। इस दौरान नगर निगम के कर्मचारी संघों के सदस्यों सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल

उच्चतर माध्यमिक शाला सिंगोड़ी पहुंचे सांसद विवेक साहू

सिंगोड़ी, देशबन्धु। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोड़ी में आज सांसद विवेक बंटी साहू के आगमन पर विद्यालय परिवार एवं बच्चों के द्वारा द्वारा पुष्प वर्षा के माध्यम से एवं शैला नृत्य के माध्यम से स्वागत किया गया। वहीं संकुल प्राचार्य द्वारा बैंच लगाकर पुष्पमाला पहनाकर सांसद विवेक बंटी साहू का स्वागत सत्कार किया गया।

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क साईकिल प्रदान की जाती है।

इसी के चलते आज ग्राम पंचायत सिंगोड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र प्रांगण में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू के द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत पात्र छात्र छात्राओं को निःशुल्क साईकिल का वितरण किया गया।

छात्र छात्राओं को साइकिल मिलने पर वह खुश होकर सरकार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा बच्चों की शिक्षा के लिए विभिन्न सारी योजनाओ के बारे में बतलाया इन्होंने कहा कि सिंगोड़ी के इस हायर सेकेण्डरी स्कूल में 200 से अधिक बच्चों को साइकिल मिल रही है जो बड़ी खुशी की बात है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शासकीय स्कूलों में बच्चो के अध्यापन कार्य के साथ साथ उनके भविष्य की चिंता करते हुए छात्रों को तरह-तरह की सुविधाये दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि अगर कोई विद्यार्थी सरकार द्वारा चलाई गई निः शुल्क साईकिल वितरण योजना का लाभ उठाना चाहता है तो उस विद्यार्थी को सरकार द्वारा निःशुल्क साईकिल प्रदान की जाएगी। सरकार इस बात का पूरा ध्यान रखती है कि छात्रों को पढ़ाई में किसी भी प्रकार की समस्या ना आए।

सरकार छात्रों को हर प्रकार का लाभ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देने का प्रयास करती है। सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना इसलिए शुरू की गई है ताकि ऐसे विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की जाए जिनके विद्यालय की दूरी घर से दूर है।

घर से स्कूल की ज्यादा दूरी होने की स्थिति में विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्कूल आने जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिस वजह से बच्चे प्रतिदिन अपने स्कूल नहीं जा पाते हैं। इस समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने निःशुल्क साईकिल वितरण योजना की शुरुआत की है।

मंच का संचालन वरिष्ठ शिक्षक संजय सिन्हा ने किया। वहीं इस निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के साथ सिंगोड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार, सरपंच कपिल ठाकुर, जनपद सदस्य योगेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर उमेश शर्मा, परसादी पटेल, बंटी परिहार, राजेश कहार, संकुल प्राचार्य बी. एस. सीलू, राजेश कहार, कैलाश साहू, रामनाथ साहू, केशव पटवा, दीपक साहू, रामकिशोर साहू, मोहित साहू, धीरज मालवी, महताब मालवी, राजकुमार चंद्रवंशी सहित अनेक भाजपा के नेतागण, कार्यकर्तगण और स्कूली बच्चों सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐं प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

वहीं आभार प्रदर्शन शिक्षक नरेश साहू ने किया। मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता राजू नरोटे उपस्थित थे।

पांढुर्णा में फैला अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल

प्रशासन नहीं करता कार्रवाई, पिसते हैं उपभोक्ता

शुभम नांदेकर

पांढुर्णा, देशबन्धु। शहर में इन दिनों वैध, अवैध और अर्द्धविकसित कॉलोनियों का निर्माण जोरों पर है। इनमें कुछ कॉलोनियां नियमानुसार बनाई जा रही हैं, तो कई अवैध और आधी-अधूरी सुविधाओं के साथ बनाई जा रही हैं। नगर में दर्जनों कॉलोनियों का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन यहां प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान नहीं है। स्थानीय नागरिक और उपभोक्ता बुनियादी सुविधाओं के अभाव में संघर्ष कर रहे हैं। नगर पालिका परिषद, एस.डी.एम. कार्यालय, बिजली विभाग और नगरीय ग्राम निवेश विभाग जैसी संस्थाएं इन कॉलोनियों के लिए अनुमति प्रदान करती हैं, परन्तु अनियमितताओं पर कार्रवाई करने में असफल हैं। यदि ये विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो लाखों का राजस्व प्राप्त कर सकते हैं, जिससे कर्मचारियों की सैलरी की समस्याओं का समाधान भी हो सकता है।

कालोनाइजरों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ की जा रही है धोखाधड़ी

कई कॉलोनाइजर उपभोक्ताओं को बुनियादी सुविधाएं देने का वादा करते हैं, लेकिन वादे केवल कागजों पर ही सीमित रह जाते हैं। नगर की कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों के पास जल निकासी, बिजली, सड़कें, और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। कॉलोनाइजर केवल प्लॉट बेचते हैं और उसके बाद कोई विकास कार्य नहीं करते। उपभोक्ता लगातार एस.डी.एम. कार्यालय, नगरपालिका परिषद और बिजली विभाग में शिकायतें दर्ज करवा रहे हैं, परन्तु किसी भी विभाग की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इन कॉलोनियों में कालोनाइजरों द्वारा बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, परन्तु उनकी सच्चाई कुछ और ही होती है। उपभोक्ताओं को सिर्फ सपने दिखाए जाते हैं और सुविधाएं प्रदान नहीं की जाती हैं।

शहर के विभिन्न विभाग जैसे कि नगरपालिका, बिजली विभाग और एस.डी.एम. कार्यालय, समय पर उचित निरीक्षण नहीं करते हैं। अधिकारियों का ऐसा रवैया और उदासीनता शहर के विकास में बड़ी रुकावट बन रहे हैं। इसके कारण नगर पालिका को करोड़ों का राजस्व नुकसान हो रहा है। बिना अनुमति के कॉलोनियों का निर्माण हो रहा है और कोई भी प्रशासनिक रिकॉर्ड कॉलोनी के विकास की वास्तविक स्थिति को नहीं दिखाता है। अधिकारियों का इस ओर से ध्यान हटने का कारण शायद स्थानांतरण का डर है। स्थानीय नागरिक इस बात से निराश हैं कि इन अधिकारियों के मौन रवैये के कारण कॉलोनाइजरों को मनमानी करने का मौका मिल रहा है और उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है।

खेती की जमीन का आवासीय उपयोग और खरीदे गए प्लॉट्स का नामांतरण नहीं कराते

बड़ी संख्या में कॉलोनाइजर खेती की जमीन को आवासीय भूमि में परिवर्तित कर देते हैं, लेकिन इसका नामांतरण नगरपालिका में नहीं कराते। अगर यह नामांतरण किया जाए तो नगरपालिका को करोड़ों की आय हो सकती है, जो शहर के विकास कार्यों में सहायक होगी। परंतु नामांतरण न होने के कारण नगरपालिका को इस आय से वंचित होना पड़ता है। इतना ही नहीं कई उपभोक्ता भी अपने खरीदे गए प्लॉट्स का नामांतरण नहीं कराते हैं जिससे राजस्व को बड़ी हानि हो रही है। इस राजस्व की कमी का असर कर्मचारियों की सैलरी और नगर के विकास कार्यों पर पड़ रहा है।

बिजली आपूर्ति और बुनियादी सुविधाओं का अभाव

कई कॉलोनियों में आज भी ग्राम फीडर से बिजली सप्लाई की जा रही है, जबकि शहरी फीडर से जोड़ने के लिए कई निवेदन किए जा चुके हैं। कॉलोनाइजर, जिनकी राजनीतिक पहुंच है, अपनी कॉलोनियों के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाते और उपभोक्ताओं को धमकियां देते हैं। कॉलोनियों में जल निकासी, सड़कें और बिजली जैसी सुविधाएं नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को बहुत कठिनाई हो रही है। यदि प्रशासन इस समस्या पर ध्यान देता तो शहरी फीडर से बिजली आपूर्ति और अन्य सुविधाएं आसानी से दी जा सकती थीं।

इनका कहना है

हमारे विभाग से कॉलोनियों के विकास संबंधित सम्पूर्ण मापदंड में अनुमति जारी की जाती है। यदी पांढुर्णा में कोई कॉलोनाइजर नियमों का पालन नही कर रहा है तो अनुमति निरस्त कर संबंधित पर कार्यवाही की जाएंगी।

विनोद परस्ते,
नगरीय ग्रामीण निवेश विभाग
छिंदवाड़ा/पांढुर्णा

सार समाचार

दीपसज्जा एवं रंगोली का सुंदर आयोजन हुआ बालाजी पब्लिक स्कूल में

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में नगर के बालाजी पब्लिक स्कूल में दीपसज्जा एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। रंगोली में जहाँ सुन्दर मोर, पुष्प सहित पारम्परिक विभिन्न कलाकृतियाँ बनाई गयीं तो वहीँ बालकों के ग्रुप द्वारा फूलों की पंखुड़ियों से बनाई गयी सुन्दर आकृति आकर्षण का केंद्र रही।

दीपसज्जा में विभिन्न प्रकार के सुंदर-सुंदर दीप सजाकर बच्चों ने अपनी हस्तकला का शानदार प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे एवं तरह-तरह की डिजाइन के दीप काफी आकर्षक लगे।

विद्यालय की प्राचार्या बी. अनुराधा नायडू, एसोसिएट डायरेक्टर बी. अभिषेक नायडू एवं बी. आदर्श नायडू सहित समस्त शिक्षक स्टाफ ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की एवं बेहतर प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं।

तेज रफ्तार वाहन से बचने पेड़ से टकराई बाइक, ससुर-दामाद की मौत

अमरवाड़ा, देशबन्धु। शुक्रवार की दरमियानी रात एक सड़क हादसे में ससुर दामाद की घटनास्थल पर मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एतराम पन्द्राम उम्र 60 साल निवासी नीमढाना और उसके दामाद कोमलभान धुर्वे उम्र 35 साल निवासी घोघरी अमरवाड़ा से वापस अपने घर नीमढाना जा रहे थे। तभी कोपाखेड़ा और महलोन गांव के बीच तेज रफ्तार वाहन से बचने के चक्कर में बाइक पेड़ से टकरा गई। जिससे दोनों ससुर दामाद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अमरवाड़ा पुलिस और एंबुलेंस मौका स्थल पर पहुंची और घायलों को अमरवाड़ा अस्पताल लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

सावरवानी पहुंचे कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शनिवार को कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए जा रहे पर्यटन ग्राम सावरवानी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पूरे ग्राम का निरीक्षण किया और वहाँ चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। विशेष रूप से सावरवानी में तालढाना से खिरकापुर तक बन रही सड़क का निरीक्षण किया और ठेकेदारों और अधिकारियों को यह कार्य समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उनके साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार भी उपस्थित थे, जिन्होंने पहली बार सावरवानी में होम स्टे का निरीक्षण किया और पर्यटकों के लिए किफायती पैकेज की सराहना की।कलेक्टर श्री सिंह ने हाल ही में सावरवानी पर्यटन विकास समिति को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ टूरिज्म अवार्ड मिलने की खुशी जाहिर की और ग्रामवासियों को बधाई दी। उन्होंने पर्यटन समिति को यह निर्देश भी दिया कि पर्यटकों के फीडबैक पर ध्यान दें और सुझावों का उचित तरीके से क्रियान्वयन करें। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि सावरवानी को एक मॉडल पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है और इसलिए यह जरूरी है कि सभी कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न हों। इस निरीक्षण के दौरान तामिया जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष मांडलिक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

नागपुर रोड में फैमिली जोन पार्किंग की व्यवस्था नहीं, दुर्घटना की आशंका

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शहर के नागपुर रोड में भारी भरकम दुकानें खुल गई है लेकिन पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे मुख्य मार्ग होने के कारण दुर्घटना होने की संभावना और अधिक बढ़ गई है। जहां कुछ दुकानों में पार्किंग है जैसे व्यंकटेश मॉल लेकिन इसके अलावा अन्य दुकानों के आसपास पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। नागपुर रोड में जहां दुर्घटनाऐं होती है तो वहीं फेमिली जोन किराना की दुकान मॉल के रूप में खुल गई है जो नागपुर रोड के मुख्य मार्ग से लगी हुई है। यहां कोई पार्किंग व्यवस्था नहीं बनाई गई है जिससे उपभोक्ताओं का वाहन मुख्य मार्ग के किनारे खड़ा रहता है। भविष्य में दुर्घटना होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिला कलेक्टर का ध्यान अपेक्षित है।

झुग्गी बस्ती में विशेष उपहार लेकर गए बच्चे

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। दीपावली महापर्व भारत का सबसे बड़ा पर्व है, जिसे हर वर्ग खुशियों के साथ मनाता है, कोई नये नये कपड़े खरीदता है तो कोई आभूषण, तो कोई मोटर गाड़ी, लेकिन आज भी समाज का एक वर्ग ऐसा है जो अर्थ के अभाव में इनसे वंचित रह जाता है और बड़े बड़े होर्डिंग, पोस्टर एवं विज्ञापन को देखकर ही खुश हो जाता है और अपनी बस्ती में अपनों के बीच मिट्टी में गुड्डा-गुड़ियों के साथ खेल कर ही दीपोत्सव की खुशियां मनाता है।

शनिवार के शुभ दिन ऐसे वर्ग को खोजते हुए आवश्यक सामग्री लेकर स्कूल बस में अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी के विद्यार्थी अपने डायरेक्टर समाज सेवी दीपक राज जैन के साथ सिवनी रोड स्थित झुग्गी बस्ती में पहुंचे जहां स्कूल बस देखते ही सैकड़ों की संख्या में बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग एवं पुरुष वर्ग एकत्रित हो गए। जिनके लिए ए.आई.ए. ने दीपावली सभा का आयोजन किया जिन्हें दीपक राज जैन ने दीपावली महापर्व का महत्व बताया। सभा के पश्चात श्री जैन के साथ गुरुजनों एवं विद्यार्थियों ने अपने हाथों से सभी को मिष्ठान, पूजन सामग्री, कपड़े, खिलौने सहित एक कीट में चांवल, शक्कर, तेल, बिस्किट, चाय पत्ती, सोनपपड़ी का पैकेट भेंट किया और दीपावली की शुभकामनाएं दी। उपहार पाकर सभी के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी और सभी ने विद्यार्थियों को दिल खोल कर आशीर्वाद दिया।

इस दौरान ए.आई.ए. के विद्यार्थियों ने नन्हें मुन्नें बच्चों को खिलौने, मिठाई, दीपक सहित विशेष उपहार देकर उनके साथ खुशियां बांटी और दीपावली महापर्व एवं भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव की शुभकामनाएं दी।

आज लगा कि सच्ची दीवाली मनाई

अरिहंत एकेडमी के विद्यार्थियों ने कहा कि हमें आज लगा कि दिवाली ऐसी मनानी चाहिए, जरूरतमंदों को उनकी खुशी के अनुसार सामग्री भेट कर शुभकामनाएं देना चाहिए, अगली बार हम अपने परिवार और मित्रों कै साथ ऐसे जरूरतमंदों के बीच जाकर त्यौहारों की खुशियां मनाएंगे।

आज निकलेगी अहिंसा रैली

अहिंसा के प्रणेता तीर्थंकर महावीर भगवान के 2550 वें निर्वाण महोत्सव शुभ दीपावली की खुशी में अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री वीतराग विज्ञान पाठशाला के विद्यार्थी अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के साथ प्रात: 9:30 बजे श्री आदिनाथ जिनालय में सामूहिक पूजन कर अहिंसा रैली निकालकर जियो ओर जीने दो का संदेश देंगे की जानकारी दीपकराज जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

गरीबों को बांटे अनाज और कंबल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्कोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी आश्रम खजरी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली पर्व पर आदिवासी, गरीब, जरूरतमंदों को वस्त्र, कम्बल, अनाज, मिठाई, दीपक, तेल, बाती नि:शुल्क भेंट की जा रही है।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि बापूजी के आशीर्वाद से समिति गत 24 वर्षों से यह सेवाकार्य कर रही हैं। ब्लॉक स्तर पर कार्यरत सभी समितियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रों के गरीबों और जरूरतमंदों को चिन्हित करें। पहले जरूरत मंदों का मुंह मीठा कर ही दीपावली पर्व मनाएं। यह हमारी सनातन संस्कृति की परंपरा है। जगह-जगह साध्वी रेखा बहन और साध्वी प्रतिमा बहन के सत्संग भी सम्पन्न हो रहें हैं। लिंगा आश्रम से शरद पूर्णिमा से प्रारंभ हुए भंडारे कार्तिक पूर्णिमा तक जारी रहेंगे। अधिक से अधिक लोग लाभांवित हो ऐसा प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल बिछुआ, खमारपानी और परासिया विकासखण्ड के देवरी गांव के आसपास भंडारे सम्पन्न हुए है।

बापूजी के निर्दशनुसार आमजन मानस स्वस्थ रहे प्रसन्न रहे इस बात को ध्यान में रखते हुए सत साहित्य ऋषि प्रसाद और आंवला से बना मुरब्बा हजारों लोगों को नि:शुल्क भेट किया जा रहा है। इन भंडारे में लाखों लोगों के लाभांवित होने की खबर है। इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, कैलाश राउत, सूरज प्रसाद माहोरे, दामोदर इंगले, गोवर्धन मालवीय, सुभाष इंग्ले, दयाराम पटेल, अरुण अग्रवाल, सुखदेव मानकर, बबलू माहोरे, नवीन साहू, सुजीत सूर्यवंशी, दिलीप साहू, राधेश्याम साहू आदि अपनी-अपनी सेवाएं दे रहें है की जानकारी दी गई।

शैक्षिक संवाद में शिक्षकों ने साझा किए अपने अनुभव

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कन्हरगाँव-जनपद शिक्षा केंद्र परासिया के अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र कन्हरगांव में शैक्षिक संवाद का कार्यक्रम प्राथमिक शाला पटपड़ा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सहज कर्ता वीरेन्द्र शर्मा, एजाज खान, सह सहजकर्ता सरिता परिहार के निर्देशन में शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में शिक्षकों ने कक्षा तीसरी से पाँचवी में आवधिक आकलन, ट्रैकर अपडेट और आओ दोहराएं पर चर्चा की और समस्या पर समाधान किया गया।

जन शिक्षक वीरेंद्र शर्मा ने कहा शैक्षिक संवाद से शिक्षकों को अपने अनुभवों को साझा करने और एक दूसरे से सीखने का मौका मिलता है। सहसहज कर्ता सरिता परिहार एवं जन शिक्षक एजाज खान द्वारा शिक्षकों की समस्या का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में जन शिक्षा केन्द्र की 28 प्राथमिक शाला से शिक्षको ने भाग लिया। कार्यक्रम में। शैक्षिक संवाद के दौरान जवाहर यादव, जोगीराम पवार, विनीता सोनारो, शीतल सोनी, कुसमीरा भादे सहित सभी शिक्षको ने सक्रिय भूमिका निभाई।

मिलावटखोरी पर अंकुश के लिए छापामार कार्रवाई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आगामी दीपावली त्योहार को ध्यान में रखते हुए जिले में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्व विभाग, नापतोल विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग एवं पुलिस विभाग की तीन संयुक्त टीमों द्वारा 26 अक्टूबर 24 को सम्पूर्ण जिले में छापामार कार्यवाही की गई। इसका मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान मिलावट से मुक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता और उचित नापतोल को सुनिश्चित करना था।

इस कार्यवाही के अंतर्गत छिंदवाड़ा शहर में डिप्टी कलेक्टर रमेश मेहरा, तहसीलदार धर्मेंद्र चौकसे, तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी, गोपेश मिश्रा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, नापतोल निरीक्षक और राघवेंद्र सिंह लीलहोरे, आपूर्ति अधिकारी सहित टीम ने वैशाली राजपुरोहित मिष्ठान भंडार कारखाना, राधाकिशन टोबैको एवं एल.पी.डील पर छापामार निरीक्षण किया।